सं.: 1:05:138:I:सीएस
दिनांक : 17.03.2026

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051**	बीएसई लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-**25**, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400001**

विषय : पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी घोघरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड (जीआईपीसीएल) का नाम रजिस्टर से हटाया जाना एवं विघटन

महोदया/महोदय,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी घोघरपल्ली इंटीग्रेटेड पावर कंपनी लिमिटेड (जीआईपीसीएल) का नाम कंपनी रजिस्टर से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 के अंतर्गत दिनांक 16.03.2026 से रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ द्वारा हटा दिया गया है ।

इसके अतिरिक्त, यह उल्लेखनीय है कि जीआईपीसीएल, पीएफसी की कोई महत्वपूर्ण सहायक कंपनी नहीं थी। इसका गठन दिनांक 22.05.2008 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में 4000 मेगावाट क्षमता की अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना की स्थापना हेतु एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के रूप में किया गया था। तत्पश्चात उक्त परियोजना को बंद करने का निर्णय लिया गया। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 27.11.2025 को कंपनी के बंद किए जाने/ नाम रजिस्टर से हटाए जाने के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसके उपरांत कंपनी के बंद किए जाने/ नाम रजिस्टर से हटाए जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज एमसीए के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिसके पश्चात एमसीए द्वारा उपर्युक्त तिथि को इसकी स्वीकृति प्रदान की गई।

आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद।

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनीष कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
0**mk_agarwal@pfcindia.com**